डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ
विकलांग जन विकास विभाग
उत्तर प्रदेश सरकार
Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow
Development of Persons with Disabilities Department
Government of Uttar Pradesh

विश्वविद्यालय में दिनांक 04 दिसम्बर, 2018 को अध्ययनरत् दृष्टिबाधित विद्यार्थियों द्वारा किये जा रहे आन्दोलन में उनके द्वारा की गयी मांग तथा विश्वविद्यालय द्वारा की जाने वाली व्यवस्थाएं।

क्र0सं0	दृष्टिबाधित विद्यार्थियों द्वारा की जा रही मांग	विश्वविद्यालय द्वारा की जाने वाली व्यवस्थाएं
1.	प्रवेश पत्र व श्रुतिलेखक आवेदन पत्र को आफलाइन किया जाये।	प्रवेश पत्र, श्रुति लेखन एवं आवेदन पत्र को दृष्टिबाधित विद्यार्थियों हेतु आफलाइन जमा किये जाने की तिथि 07 दिसम्बर, 2018 से विस्तारित करते हुए 09 दिसम्बर, 2018 की सायंकाल 04:00 बजे तक नियत की जा रही है।
2.	जल्द से जल्द परीक्षा की समय-सारणी उपलब्ध करायी जाये।	परास्नातक स्तर की परीक्षाओं से संबंधित समय सारणी आज निर्गत की जा रही है। शेष अन्य समस्त पाठ्यक्रमों के लिए 06 दिसम्बर, 2018 तक समय सारणी निर्गत की जायेगी।
3.	परीक्षा की तिथि 11 दिसम्बर, 2018 से बढ़ाकर 20 दिसम्बर, 2018 कर दिया जाये।	विश्वविद्यालय में परीक्षा की तिथि पूर्व में 27 नवम्बर, 2018 नियत थी, जिसे विद्यार्थियों के अनुरोध पर ही विस्तारित करते हुए 11 दिसम्बर, 2018 किया गया है। उसमें किसी प्रकार का परिवर्तन किया जाना संभव नहीं है। यद्यपि आज विद्यार्थियों के अनुरोध पर परीक्षाओं की समय-सारणी को इस प्रकार से परिवर्तित किया जा रहा है, जिसमें प्रथम सेमेस्टर अधिसत्र की परीक्षायें पृथक से समाहित की जायेगी। प्रथम अधिसत्र की परीक्षाएं 15 दिसम्बर, 2018 से प्रारम्भ होंगी।
4.	प्रत्येक परीक्षा के मध्य एक से दो दिन का अन्तराल रखा जाये।	समय सारणी को इस प्रकार से समाहित किया जा रहा है कि इसमें प्रत्येक प्रश्न पत्र में कम से कम एक दिन का अन्तराल रखा जायेगा।
5.	प्रवेश पत्र भरने की तिथि 07 दिसम्बर, 2018 से बढ़ाकर कम से कम 11 दिसम्बर, 2018 तक सुनिश्चित किया जाये एवं समस्त दृष्टिबाधित विद्यार्थियों हेतु श्रुतिलेखक आवेदन पत्र भरने की तिथि अनिश्चित काल के लिए निर्धारित की जाये।	बिन्दु संख्या-01 से आच्छादित है।
6.	प्रवेश पत्र व श्रुति लेखक आवेदन पत्र भरने हेतु प्रशासन की तरफ से सहायक प्रदान किया जाये।	प्रवेश पत्र, श्रुति लेखक एवं आवेदन पत्र भरने हेतु विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से हेल्प डेस्क की प्रशासनिक भवन के भूतल पर कक्ष संख्या-21 में स्थापना कर दी गयी है। उक्त हेल्प डेस्क को प्रत्येक दिवस की प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक संचालित किया जायेगा।
7.	श्री ए0 के0 सिंह को परीक्षा नियंत्रक के पद से हटाया जाये तथा किसी ऐसे परीक्षा नियंत्रक की नियुक्ति हो जिसे दिव्यांगता के क्षेत्र में दो से अधिक वर्षों का अनुभव प्राप्त हो।	विश्वविद्यालय में परीक्षा के संचालन हेतु परीक्षा समिति मा0 कुलपति महोदय की अध्यक्षता में गठित की जा चुकी है, तथा परीक्षाओं का सुचारू रूप से संचालन किये जाने हेतु पृथक से एक समिति और गठित की गयी है। इस प्रकार परीक्षा संचालन हेतु विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा भली-भांति व्यवस्था की गयी है।

डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ
विकलांग जन विकास विभाग
उत्तर प्रदेश सरकार
Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow
Development of Persons with Disabilities Department
Government of Uttar Pradesh

8.	दिनांक 31 अगस्त, 2018 से 18 सितम्बर, 2018 तक दृष्टिबाधित विद्यार्थियों द्वारा सत्रह सूची मांगों को लेकर धरना किया गया था जिसके एवज में प्रशासन द्वारा चार माह में मांगे मान लेने व पूरी करने का लिखित आश्वासन दिया गया था और वह मांग अभी तक पूरी नहीं हुयी है। तत्काल मांग पूरी की जाये तथा अब तक मांगे न पूरी होने का उचित कारण बताया जाये।	इस पर पृथक से कार्यवाही की जा रही है।

(अमित कुमार सिंह)
कुलसचिव

पत्रांकः1458 /DSMNRU/फा0सं0–COE-165A/2018–19 दिनांकः– 5 दिसम्बर, 2018

प्रतिलिपिः–मा0 कुलपति महोदय को सादर अवलोकनार्थ।

(अमित कुमार सिंह)
कुलसचिव